# जीवन-वृत्त (Profile)

जीवन-वृत्त किसी जाने माने व्यक्ति, लेखक या साहित्यकार के जीवन का संक्षिप्त विवरण है। यह छोटी अनुच्छेद में लिखते है। यह जीवनी (Biography) से बिलकुल भिन्न है। उनके जन्म और जीवन का वर्णन संक्षिप्त में करें तो उसे जीवनी (Brief Life History/Profile) कहते हैं। लेखक के बारे में प्रश्न-पत्र में दी गई बातें ध्यान से पढ़कर जीवन-वृत्त लिखने की कोशिश करें। आठ अंक का प्रश्न है।

HSSLiVE.IN

## निम्नलिखित लेखकों के जीवन-वृत्त लिखें:

(1) मैथिलीशरण गुप्त:

| | |
|---|---|
| नाम | : मैथिलीशरण गुप्त |
| जन्म | : 1885 |
| जन्म स्थान | : चिरगाँव, उत्तर प्रदेश |
| प्रमुख रचनाएँ | : साकेत, यशोधरा, पंचवटी आदि |
| विशेषताएँ | : पुराणों में उपेक्षित प्रसंग एवं पात्र को लेकर युगानुरूप काव्य। |
| पुरस्कार | : पद्मभूषण, 1954 |
| मृत्यु | : 1965 |

मैथिलीशरण गुप्त का जीवन-वृत्त:

**मैथिलीशरण गुप्त (1885 – 1965)**

श्री मैथिलीशरण गुप्त का जन्म 1885 को उत्तर प्रदेश के चिरगाँव में हुआ था। भारतीय पुराणों में उपेक्षित प्रसंग एवं पात्र को लेकर युगानुरूप काव्य उन्होंने रचे। साकेत, यशोधरा, पंचवटी आदि उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं। 1954 में वे पद्मभूषण से सम्मानित भी है। गुप्त जी की मृत्यु 1965 को हुई।

HSSLiVE.IN

(2) हिमांशु जोशी:

| | |
|---|---|
| नाम | : हिमांशु जोशी |
| जन्म | : 1935 |
| जन्म स्थान | : उत्तराखंड |
| प्रमुख रचनाएँ | : यात्राएँ, नॉर्वे: सूरज चमके आधी रात आदि यात्रा वृत्तांत |
| विशेषताएँ | : हिंदी की सभी विधाओं में लेखनी चलाई। बहुमुखी प्रतिभावान रचनाकार। |

हिमांशु जोशी का जीवन-वृत्त:

**हिमांशु जोशी (1885 – )**

श्री हिमाशु जोशी का जन्म 1935 को उत्तराखंड में हुआ। वे हिंदी के बहुमुखी प्रतिभावान रचनाकार हैं। हिंदी की सभी साहित्यिक विधाओं में उन्होंने अपनी लेखनी चलाई। यात्राएँ, नॉर्वे: सूरज चमके आधी रात आदि उनके प्रमुख यात्रा वृत्तांत है।

(3) सूरदास:

| | |
|---|---|
| नाम | : सूरदास |
| जन्म | : 15 वीं दशक के अंतिम दशक |
| जन्म स्थान | : उत्तर प्रदेश |
| विशेषताएँ | : सगुण भक्तिधारा के प्रमुख कृष्णभक्त कवि।<br>जन्मांध थे।<br>वात्सल्य वर्णन अद्‌वितीय है। |
| प्रमुख रचना | : सूरसागर |

HSSLiVE.IN

सूरदास का जीवन-वृत्त:

**सूरदास**

सूरदास का जन्म 15 वीं दशक के अंतिम दशक में उत्तर प्रदेश में हुआ था। सगुण भक्तिधारा के प्रमुख कृष्णभक्त कवि सूरदास जन्मांध थे। सूरदाल का वात्सल्य वर्णन अद्‌वितीय है। सूरसागर इनकी प्रमुख रचना हैं।

(4) आनंद बख्शी:

| | |
|---|---|
| नाम | : आनंद बख्शी |
| जन्म | : 1930 |
| जन्म स्थान | : रावलपिंड़ी, वर्तमान पाकिस्तान |
| विशेषताएँ | : "भला आदमी" फिल्म के लिए गीत लिखकर<br>हिंदी फिल्मी जगत में पदार्पण।<br>लगभग 4000 से अधिक गीत लिखे। |
| पुरस्कार | : फिल्म फेयर तथा ऐ.ऐ.एफ.ए |
| निधन | : 2002, मुंबई, 72 साल की आयु में |

आनंद बख्शी का जीवन-वृत्त:

**आनंद बख्शी (1930 - 2002)**

श्री आनंद बख्शी का जन्म 1930 को वर्तमान पाकिस्तान के रावलपिंड़ी में हुआ था। "भला आदमी" फिल्म के लिए गीत लिखक वे हिंदी फिल्मी जगत में पदार्पण किए। उन्होंने लगभग 4000 से अधिक गीत लिखे थे। फिल्म फेयर तथा ऐ.ऐ.एफ.ए पुरस्कारों से बे सम्मानित भी थे। 72 साल की आयु में 2002 को मुंबई में उनका निधन हुआ।

(5) एकांत श्रीवास्तवः

| | |
|---|---|
| नाम | : एकांत श्रीवास्तव |
| जन्म | : 1964 |
| जन्म स्थान | : छुटा गाँव, छत्ती,गढ़ |
| विशेषता | : हिंदी साहित्य के जाने माने लेखक।<br>तीन कविता संकलन। |
| आत्मकथा | : मेरे दिन मेरे वर्ष |
| पुरस्कार | : केदार सम्मान |

HSSLiVE.IN

<u>एकांत श्रीवास्तव का जीवन-वृत्त:</u>

**<u>एकांत श्रीवास्तव</u>**

श्री एकांत श्रीवास्तव का जन्म सन् 1964 को छत्तीसगढ़ के छुटा गाँव में हुआ था। वे हिंदी साहित्य के जाने माने लेखक हैं। "मेरे दिन मेरे वर्ष" उनकी आत्मकथा है। उनके तीन काव्य संकलन निकले हैं। वे केदार सम्मान से सम्मानित भी थे।

(6) डॉ जे बाबू:

| | |
|---|---|
| नाम | : डॉ जे बाबू |
| जन्म | : 1952 |
| जन्म स्थान | : तिरुवनंतपुरम, केरल |
| कविता संकलन | : मुक्तधारा, उलझन, उलाहना |
| विशेषता | : हिंदीतर प्रदेश के लेखक। |
| पुरस्कार | : बिपाशा अखिल भारतीय कहानी पुरस्कार<br>हिंदीतर भाषी लेखक पुरस्कार |

<u>डॉ जे बाबू का जीवन-वृत्त:</u>

**<u>डॉ जे बाबू</u>**

डॉ जे बाबू का जन्म 1952 को केरल के तिरुवनंतपुरम जिले में हुआ। उन्होंने हिंदीतर प्रदेश के जाने माने हिंदी साहित्यकार है। मुक्तधारा, उलझन, उलाहना आदि उनकी कविताओं का संकलन है। बिपाशा अखिल भारतीय कहानी पुरस्कार, हिंदीतर भाषी लेखक पुरस्कार आदि से वे पुरस्कृत भी है।

(7) श्रीमती अमृता प्रीतमः

| | |
|---|---|
| नाम | : अमृता प्रीतम |
| जन्म | : 1919 |
| जन्म स्थान | : गुंजरावाला, पंजाब |
| विशेषताएँ | : पंजाबी और हिंदी के विख्यात लेखिका। उपन्यास, कहानी, कविता, संस्मरण, आत्मकथा आदि विधाओं में खास पहचान। देशी-विदेशी भाषाओं में उनकी रचनाओं का अनुवाद। |
| कहानी संकलन | : कहानियों के आँगन में, कहानियाँ जो कहानियाँ नहीं है |
| पुरस्कार | : ज्ञानपीठ (1982) |
| मृत्यु | : 2005 |

HSSLiVE.IN

<u>श्रीमती अमृता प्रीतम का जीवन-वृत्त:</u>

**<u>श्रीमती अमृता प्रीतम (1919 – 2005)</u>**

श्रीमती अमृता प्रीतम का जन्म 1919 को पंजाब के गुज़रांवाला में हुआ। वे पंजावी और हिंदी के विख्यात लेखिका थे। उन्होंने उपन्यास, कहानी, कविता, संस्मरण, आत्मकथा आदि विधाओं में अपनी पहचान बनाई। देशी-विदेशी भाषाओं में उनकी रचनाओं का अनुवाद भी खूब हुआ था। "कहानियों के आँगन में", "कहानियाँ जो कहानियाँ नहीं है" आदि उनके कहानी संकलन है। वे 1982 के ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित हूई। 2002 को उनकी मृत्यु हुई।

(8) भगवतशरण अग्रवाल

| | |
|---|---|
| नाम | : भगवतशरण अग्रवाल |
| जन्म | : 1930 |
| जन्म स्थान | : बरेली, उत्तर प्रदेश |
| विशेषताएँ | : गुजरात विश्वविद्यालय के निदेशक। हाइकू को हिंदी काव्य जगत् में अलग पहचान दिया। |
| हाइकू संकलन | : इंद्रधनुष |
| पुरस्कार | : साहित्य सेवा केलिए विभिन्न संस्थाएँ द्वारा पुरस्कृत। |

<u>भगवतशरण अग्रवाल का जीवन-वृत्त:</u>

**<u>भगवतशरण अग्रवाल</u>**

भगवतशरण अग्रवाल का जन्म 1930 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ। वे गुजरात विश्वविद्यालय के निदेशक थे। उन्होंने जापानी काव्य-रूप " हाइकू " को हिंदी साहित्य में अलग पहचान दिया।"इंद्रधनुष" उनका हाइकू संकलन है। अपनी साहित्य सेवा केलिए वे अनेक संस्थाओँ द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित हैं।

(9) ओ एन वी कुरुप:

| | |
|---|---|
| नाम | : ओ एन वी कुरुप |
| जन्म | : 1931 |
| जन्म स्थान | : चवरा, कोल्लम जिले, केरल |
| विशेषताएँ | : मलयालम के कवि। |
| कविता संकलन | : भूमिक्कोरु चरमगीतम्, माट्टुविन चट्टङ्ले |
| पुरस्कार | : ज्ञानपीठ (2007), पद्मविभूषण (2011) |

HSSLiVE.IN

ओ एन वी कुरुप का जीवन-वृत्त:

**ओ एन वी कुरुप**

ओ एन वी कुरुप का जन्म 1931 को केरल के कोल्लम जिले के चवरा में हुआ था। वे मलयालम के कवि हैं। भूमिक्कोरु चरमगीतम्, माट्टुविन चट्टङ्ले उनके कविता संकलन हैं। 2007 के ज्ञानपीठ, 2011 के पद्मविभूषण आदि पुरस्कारों से वे सम्मानित भी हैं।

(10) डॉ एस तंकमणि अम्मा:

| | |
|---|---|
| नाम | : डॉ एस तंकमणि अम्मा |
| जन्म | : 1950 |
| जन्म स्थान | : तिरुवनंतपुरम |
| विशेषताएँ | : हिंदी मौलिक तथा अनुवाद में अलग पहचान |
| कविता संकलन | : स्वयंवर, लीला, एक धरती, एक आस्मान, एक सूरज आदि अनूदित काव्य। |
| पुरस्कार | : राहुल सांकृत्ययन पुरस्कार, सौहार्द पुरस्कार, द्विवागीश पुरस्कार |

डॉ एस तंकमणि अम्मा का जीवन-वृत्त:

**डॉ एस तंकमणि अम्मा**

डॉ एस तंकमणि अम्मा का जन्म 1950 को तिरुवनंतपुरम में हुआ। हिंदी मौलिक तथा अनुवाद में उनकी अलग पहचान है। स्वयंवर, लीला, एक धरती, एक आस्मान, एक सूरज आदि अनूदित काव्य संकलन हैं। राहुल सांकृत्ययन पुरस्कार, सौहार्द पुरस्कार, द्विवागीश पुरस्कार आदि से वे सम्मानित थे।

DO NOT COPY

(11) डॉ राज बुद्धिराजा:

| | |
|---|---|
| नाम | : डॉ राज बुद्धिराजा |
| जन्म | : 1937 |
| जन्म स्थान | : लाहौर |
| विशेषताएँ | : हिंदी के लगभग सभी विधाओं में क्षमता दिखाई<br>तीन सौ से अधिक संस्मरण |
| संस्मरण संकलन | : सफर की यादें, साकूरा की देश में, हाशिए पर दिल्ली। |
| पुरस्कार | : जापान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान |

HSSLiVE.IN

डॉ राज बुद्धिराजा का जीवन-वृत्त:

**डॉ राज बुद्धिराजा**

डॉ राज बुद्धिराजा का जन्म 1937 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने हिंदी के लगभग सभी विधाओं में अपनी क्षमता दिखाई। उन्होने लगभग तीन सौ से अधिक संस्मरण लिखे हैं। सफर की यादें, साकूरा की देश में, हाशिए पर दिल्ली आदि उमके संस्मरणों का संकलन हैं। जापान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से वे सम्मानित हैं।

(12) कुँवर नारायण:

| | |
|---|---|
| नाम | : कुँवर नारायण |
| जन्म | : 1927 |
| जन्म स्थान | : फैज़ाबाद, उत्तर प्रदेश |
| विशेषताएँ | : अज्ञेय द्वारा संपादित "तीसरा सप्तक" के कवि<br>नई कविता आंदोलन के सशक्त हस्ताक्षर<br>कविता के अलावा कहानी, समीक्षा और सिनेमा |
| काव्य संकलन | : अपने सामने, कोई दूसरा नहीं, इन दिनों |
| पुरस्कार | : ज्ञानपीठ (2005) |

कुँवर नारायण का जीवन-वृत्त:

**कुँवर नारायण**

कुँवर नारायण का जन्म 1927 को उत्तर प्रदेश के फैज़ाबाद में हुआ। उन्होंने अज्ञेय द्वारा संपादित "तीसरा सप्तक" के कवि और नई कविता आंदोलन के सशक्त हस्ताक्षर हैं। कविता के अलावा कहानी, समीक्षा और सिनेमा आदि में भी उन्होंने लेखनी चलाई। अपने सामने, कोई दूसरा नहीं, इन दिनों आदि उवके काव्य संकलन हैं। 2005 का ज्ञानपीठ से भी वे सम्मानित है।

DO NOT COPY

(13) हरिशंकर परसाई:

| | |
|---|---|
| नाम | : हरिशंकर परसाई |
| जन्म | : 1924 |
| जन्म स्थान | : मध्य प्रदेश |
| विशेषताएँ | : हिंदी में व्यंग्य को सबसे पहले विधा का दर्जा दिलाया। व्यंग्य को मनोरंजन के परिधि से निकालकर समाज से जोड़ा। |
| कहानी संकलन | : हँसते हैं रोते हैं, जैसे उनके दिन फिरे |
| मृत्यु | : 1995 |

हरिशंकर परसाई का जीवन-वृत्त:

HSSLiVE.IN

**<u>हरिशंकर परसाई</u>**

हरिशंकर परसाई का जन्म 1924 को मध्य प्रदेश में हुआ। उन्होंने हिंदी में व्यंग्य को सबसे पहले विधा का दर्जा दिलाया और मनोरंजन के परिधि से निकालकर समाज से जोड़ा। हँसते हैं रोते हैं, जैसे उनके दिन फिरे आदि उनके कहानियों का संकलन हैं। उनकी मृत्यु 1995 को हूई।

DO NOT COPY